www.amritvichar.com

# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , बुधवार,15 अप्रैल 2026

सुविचार



जब तक आप सामाजिक स्वतंत्रता नहीं हासिल कर लेते, कानून आपको जो भी स्वतंत्रता देता है, वो आपके किसी काम की नहीं।

- डॉ. भीमराव आंबेडकर

बरेली के प्रमुख समाचार

- गांधी उद्यान में छात्रा से छेड़छाड़, गुस्साए परिवार ने शोहदे को धुना-II
- डॉ. आंबेडकर के विचार आज भी प्रासंगिक-III
- संगत ने मत्था टेककर लिया वाहेगुरु का आशीर्वाद-IV

## सिटी ब्रीफ

### करोड़ों खर्च के बाद खंडहर में तब्दील हो रही स्काडा बिल्डिंग

**बरेली, अमृत विचार :** रामपुर गार्डन स्थित सुपरवाइजरी कंट्रोल एंड डेटा एक्विजिशन (स्काडा) हाउस की बिल्डिंग खंडहर में तब्दील होती जा रही है। वर्ष 2015 में यूपीपीसीएल ने करीब दो करोड़ रुपये से इस अत्याधुनिक निगरानी एवं नियंत्रण प्रणाली भवन का निर्माण कराया गया था, लेकिन शुरू से ही उपयोग में न आने और रखरखाव के अभाव में इसकी हालत जर्जर हो गई। भवन में रिंग मेन यूनिट (आरएमयू) सिस्टम के माध्यम से शहर के सभी विद्युत उपकेंद्रों को जोड़ने की योजना थी। जिससे किसी एक उपकेंद्र में खराबी आने पर दूसरी लाइन से तुरंत आपूर्ति बहाल की जा सके। सिविल विंग की लापरवाही के चलते भवन धीरे-धीरे खंडहर बनता गया। स्काडा हाउस के दरवाजे और खिड़कियां चोरी हो चुकी हैं। अब इस भवन के दिन बहुरने की उम्मीद जगी है। पिछले दिनों यूपीपीसीएल के चेयरमैन डॉ. आशीष गोयल ने निरीक्षण कर स्काडा बिल्डिंग को फिर से उपयोग में लाने के निर्देश दिए थे।

### एलओएच से रोशन होंगे गरीबों के घर

**बरेली,अमृत विचार :** लेफ्ट आउट हाउस होल्ड (एलओएच) योजना के तहत गरीब व वंचित परिवारों तक बिजली पहुंचाने की मुहिम तेज हो गई है। ऐसे परिवारों को चिह्नित कर कनेक्शन देने का अभियान शुरू किया गया है। चीफ इंजीनियर ज्ञान प्रकाश ने मंगलवार को बहेड़ी डिवीजन के जसनपुर गांव का दौरा किया। यहां करीब 15 परिवारों ने नए कनेक्शन के लिए आवेदन किया है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी गरीब परिवार बिजली जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित न रहे।

## शहर में आज

- कला भारती सोसाइटी एवं चित्रकार संघ की ओर से विश्व कला दिवस पर यामिनी आर्ट गैलरी में दो दिवसीय राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का उद्घाटन दोपहर 12 बजे।
- श्री सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट की ओर से राम कथा सोमनाथ नाथ मंदिर प्रभात नगर में शाम 4 :30 से 8 बजे ।
- बाबा श्री नीलकंठ मंदिर राजेन्द्र नगर में शिव महापुराण कथा शाम 5 से 9 बजे।
- श्री बांके बिहारी कल्याण समिति के तत्वावधान में श्री बांके बिहारी मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शाम 4 बजे से।

## आदर्श रोड की ये हालत



ये पौधरोपण नहीं किया गया बल्कि धंस गई रोड पर कोई हादसा न हो जाये इसलिए पेड़ की टहनी लगा कर आने-जाने वालों को सचेत किया गया है। ये हालत डीडी पुरम से शील चौराहा तक आदर्श रोड की है। **फोटो एवं विवरण : हरदीप सिंह टोनी**

# पंचमुखी मंदिर की भव्यता का प्लान, मेयर ने संभाली कमान

## निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद महाराज से मेयर ने की वार्ता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** धर्मकांटा-कोहाड़ापीर मार्ग के चौड़ीकरण की गति बढ़ाने को मेयर डॉ. उमेश गौतम ने मोर्चा संभाल लिया है। राह में बाधा बन रहे प्राचीन पंचमुखी हनुमान मंदिर का अग्रभाग सेवादार खुद ही हटवा चुके हैं। अब मंदिर में स्थापित 8 कुंतल वजन की हनुमान प्रतिमा की सुरक्षित शिफ्टिंग को लेकर मेयर ने निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद महाराज से फोन पर लंबी वार्ता की है। बताया गया है कि धार्मिक एवं आध्यात्मिक गरिमा के साथ मूर्ति विस्थापन विकास और आस्था के बीच समन्वय की नई मिसाल बनेगा।

सूद धर्मकांटा चौराहे स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर निरंजनी अखाड़े की देखरेख में है। पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद जब भी यहां प्रवास करते हैं तो उनका आर्शीवाद लेने को भक्तों की भीड़ उमड़ती है। सीएम ग्रिड योजना में सड़क चौड़ीकरण के बीच मंदिर के आगे का हिस्सा बाधा बन रहा था। निगम ने इसे लेकर 22 फरवरी को नोटिस जारी कर एक मीटर तक निर्माण खुद हटाने की सीमा तय की थी। ऐसा न होने पर हर्जाना वसूलने की बात भी नोटिस में कही गई थी। मामले की गंभीरता को भांपकर मेयर ने पहले मौका मुआयना किया और फिर महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद से फोन पर वार्ता पूरी स्थिति से अवगत कराया। उनकी सहमति मिलने से निगम की सभी चिंताएं दूर हो गईं। सेवादारों ने इसके बाद रात-रात भर मजदूर जुटाकर मंदिर का अग्रभाग तुड़वा दिया है। अब भारी-भरकम प्रतिमा को पीछे हटाया जाना है तो उसके लिए मेयर डॉ. गौतम इस कार्य में हरसंभव सहयोग की बात कह रहे हैं।



- आठ कुंतल वजनी प्रतिमा की कराई जाएगी सुरक्षित शिफ्टिंग
- कोहाड़ापीर रोड का मुख्य आकर्षण बनेगा मंदिर: डा. गौतम

सेवादार का कहना है कि सड़क चौड़ीकरण के बाद प्राचीन मंदिर और भी भव्य दिखाई दे, इसके लिए योजना बनाई जा रही है। श्रद्धालुओं की सुगमता को ध्यान में रखकर मंदिर के आसपास सौंदर्यीकरण कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए लगातार मॉनीटरिंग की बात भी कही जा रही है। महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद से मेयर डॉ. गौतम की वार्ता के बाद मंदिर नई शिल्प के साथ मंदिर की भव्यता बढ़ाने की कवायद शुरू हो चुकी है। मेयर ने अमृत विचार से बातचीत में कहा कि चौड़ीकरण के साथ मंदिर कोहाड़ापीर मार्ग मुख्य आकर्षण केंद्र बनेगा। इसके लिए विशेष लाइट और नक्काशीदार पत्थरों का उपयोग करने का सुझाव भी दिया गया है, ताकि यहां प्राचीनता और आधुनिकता का मेल दिखे।



पंचमुखी मंदिर में हनुमान प्रतिमा की शिफ्टिंग पर 'धर्मसंकट'

आठ कुंतल वजनी मूर्ति को हटाना बेहद कठिन, महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद से परामर्श के बाद अगला कदम उठाएंगे सेवक

> पंचमुखी हनुमान मंदिर के विषय में मैंने निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद महाराज जी से फोन पर विस्तार से वार्ता की। उन्होंने बड़े ही उदार मन और सहज भाव से अपना आर्शिवाद और सहमति प्रदान की। हमारा पूरा प्रयास है आस्था और विकास का अद्भुत समन्वय दिखे। मैं स्वयं इस कार्य की पल-पल निगरानी कर रहा हूं ताकि बजरंग बली की आठ कुंतल वजनी प्रतिमा पूरी तरह सुरक्षित रहे। चौड़ीकरण के उपरांत हम इस मंदिर को एक नए और अत्यंत भव्य स्वरूप में पुनर्जीवित करेंगे।
>
> -डा. उमेश गौतम, मेयर

# ड्राइविंग टेस्ट देने वालों को बताना होगा गाड़ी नंबर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- फर्जीवाड़ा रोकने के लिए परिवहन विभाग ने लागू की नई व्यवस्था

**अमृत विचार :** परसाखेड़ा ऑटोमेटिक ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक पर टेस्ट पास कर आने वाले आवेदकों से अब कार और बाइक नंबर के अलावा कलर भी पूछा जा रहा है। जिससे उसका सत्यापन हो सके।

ऑटोमेटिक ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक पर सेंसर और सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। टेस्ट के दौरान गड़बड़ी होने पर वाहन चालक को फेल कर दिया जाता है। कई बार आरोप लगे कि कंपनी के कर्मचारी आवेदक की जगह किसी अन्य से अपनी कार से ही टेस्ट पास करा देते हैं। इसपर विकास भवन के पीछे बने ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (डीटीआई) में टेस्ट पास करके आने वाले आवेदक से गाड़ी नंबर और कलर पूछकर सत्यापन किया जा रहा है, ताकि किसी तरह का फर्जीवाड़ा न हो सके। टेक्निकल इंस्पेक्टर हारून सैफी ने बताया कि पारदर्शिता के साथ आवेदकों के टेस्ट कराए जा रहे हैं, अगर कोई शिकायत मिलती है तो मौके पर जाकर जांच भी जाती है।

# स्वच्छता रैंकिंग में टॉप-10 आने की कवायद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर की स्वच्छता की रैंकिंग तय करने वाली घड़ी नजदीक आ गई है। मार्च में टली केंद्रीय टीम की यात्रा अब अप्रैल के आखिरी सप्ताह तक संभावित है, जिससे नगर निगम में हलचल तेज हो गई है। नगर निगम ने पिछली गलतियों से सबक लेते हुए देश के शीर्ष 10 स्वच्छ शहरों में शामिल होने का संकल्प लिया है।

एक्सईएन राजीव राठी के अनुसार, निगम का पूरा जोर इस बार कचरे के स्रोत पृथक्करण और डंपिंग यार्ड के वैज्ञानिक निस्तारण पर है, ताकि तकनीक और धरातल के बीच कोई अंतर न रहे। पिछले वर्ष 2025 के सर्वेक्षण में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन और बरेली 311 ऐप पर शिकायतों के निस्तारण में मिली कमियों को इस बार चुनौती के रूप में लिया गया है। पुराने शहर की संकरी गलियों में नियमित सफाई और नालों की गंदगी अभी भी बड़ी बाधा बनी हुई है, जिसे दूर करने के लिए ''स्वच्छता हॉटस्पॉट'' चिन्हित कर विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। सर्वेक्षण में सबसे महत्वपूर्ण ''सिटीजन फीडबैक'' को लेकर इस बार रणनीति बदली गई है। एक्सईएन के मुताबिक निगम की टीमें हर वार्ड में जाकर जनता को जागरूक कर रही हैं। कूड़ा उठान के लिए आधुनिक कचरा गाड़ियों की संख्या बढ़ाई गई है और सार्वजनिक शौचालयों के रखरखाव के लिए विशेष टास्क फोर्स तैनात की गई है। निगम की यह सख्ती और जनता का सहयोग तालमेल बिठाने में सफल रहा, तो बरेली इस बार स्वच्छता के राष्ट्रीय मानचित्र पर नई इबारत लिख सकता है। बताया यह भी जा रहा है कि पिछली बार स्वच्छता सर्वेक्षण में रैंकिंग बिगड़ने का सबसे बड़ा कारण सीवर लाइन डालने के लिए खोदी गईं सड़कों की समय से मरम्मत न होना पाना रहा था। इस समय भी शहर में कई जगह सीएम ग्रिड के तहत सड़क खोदकर डाल दी गई है जिसका प्रभाव रैंकिंग पर देखने को मिल सकता है।





- कभी भी दस्तक दे सकती है केंद्रीय टीम, नगर निगम ने टॉप-10 में जगह बनाने को झोंकी ताकत

### सिटीजन फीडबैक है जीत की असली चाबी

स्वच्छ सर्वेक्षण में बुनियादी ढांचे से कहीं ज्यादा महत्व जनता की राय का होता है। निगम इस बार वार्ड स्तर पर जागरुकता अभियान चला रहा है ताकि सर्वेक्षण टीम के आने पर नागरिक सकारात्मक फीडबैक दें। यदि शहरवासी कचरा अलग-अलग करने और सार्वजनिक स्वच्छता को लेकर अपनी संतुष्टि दर्ज कराते हैं, तभी बरेली को टॉप 10 में जगह मिलना संभव हो पाएगा।

> नगर निगम स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए पूरी तरह तैयार है। हर वार्ड में विशेष निगरानी टीमों की तैनाती की गई है, जो नियमित रूप से गलियों, सड़कों और सार्वजनिक स्थानों का निरीक्षण करती हैं। इन सतत प्रयासों का उद्देश्य बरेली को देश के शीर्ष स्वच्छ शहरों में शामिल करना है।
>
> - संजीव कुमार मौर्य, नगर आयुक्त


# मैथोडिस्ट प्रकरण में चैरिटी कमिश्नर के बयान लेने मुंबई जाएगी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- करोड़ों का खेल मैदान कब्जाने के मामले की जांच तेज
- मामले की तह में जाने को खंगाले जा रहे दस्तावेज

**अमृत विचार :** मैथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज के खेल मैदान पर कब्जे की जांच बेसक आईपीएस समेत दो पीपीएस अफसरों ने की हो, लेकिन पुलिस की जांच अभी भी जारी है। मैथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज के मैदान में कब्जे के मामले में पुलिस टीम अब महाराष्ट्र जाकर चैरिटी कमिश्नर के बयान दर्ज करेगी। उसके बाद ही कब्जा करने वालों के नाम मुकदमे में बढ़ाए जाएंगे।

डीआईओएस अजीत कुमार ने कुछ दिनों पहले कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया गया था कि मैथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज के खेल के मैदान को खुर्द बुर्द करके लीज पर दिया गया है, और वहां लीज लेने वाले लोगों ने अपनी दीवार बनाकर घेराबंदी भी कर दी है। जांच में यह गलत पाते हुए चार लोगों पर डा न्यूटन एम परमार, सुनील मसीह, फर्म क्षितिज इंटरप्राइजेज ओर हरीश आरोड़ा पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इंस्पेक्टर कोतवाली धनंजय पाडेंय ने बताया कि पुलिस टीम बुधवार को मुंबई जाएगी और वहां मैथोडिस्ट चर्च के चैरिटी कमिश्नर के बयान दर्ज करेगी। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। यदि बयान में पता चलता है कि जमीन स्कूल को पहले ही दान दे दी गई थी तो क्षितिज इंटरप्राइजेज से जुड़े लोगों के नाम मुकदमे में खोले जाएंगे, और यदि यह जमींन ट्रस्ट की है और स्कूल के नाम नहीं दी गई तो अन्य साक्ष्य की जांच भी की जाएगी। साथ ही स्कूल के कागज भी चेक कराए जा रहे हैं।



# पुल व सड़कों का बिछेगा जाल जनप्रतिनिधियों से मांगे प्रस्ताव



कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पीडब्ल्यूडी ने शुरू की नए वित्तीय वर्ष की तैयारी

**अमृत विचार :** लोक निर्माण विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जिले की सड़कों और पुल-पुलियों का जाल बिछाने की तैयारी तेज कर दी है। जिले के जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्रों की महत्वपूर्ण सड़कों और पुलों के निर्माण के लिए प्रस्ताव मांगे गए हैं। इधर, चुनावी वर्ष होने के कारण इस बार विकास कार्यों को लेकर जनप्रतिनिधि भी खासे सक्रिय नजर आ रहे हैं, जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बेहतर होने की उम्मीद जगी है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभाग को करीब 295 करोड़ रुपये का बजट आवंटित हुआ था, जबकि पिछले वर्ष यह राशि 318 करोड़ रुपये थी। विभाग ने इस धनराशि का बड़ा हिस्सा शहर व देहात की जर्जर सड़कों को सुधारने और नए निर्माण कार्यों पर खर्च किया। वर्तमान में जो काम अधूरे रह गए हैं, उन्हें प्राथमिकता पर पूरा किया जा रहा है। नए बजट सत्र में पिछले लंबित प्रस्तावों के साथ उन नई योजनाओं को शामिल किया जाएगा, जो सीधे तौर पर आम जनता की आवाजाही को सुगम बनाएंगी। पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड के एक्सईएन भगत सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश हैं कि विकास कार्यों में स्थानीय प्रतिनिधियों के सुझावों को वरीयता दी जाए। कहा कि नई कार्ययोजना में पुल, पुलिया और लिंक मार्गों के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। प्रस्ताव प्राप्त होते ही उनकी तकनीकी व्यवहार्यता की जांच कर रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। चुनावी सीजन को देखते हुए माना जा रहा है कि इस बार विभाग को अधिक बजट मिल सकता है, जिससे लंबित विकास परियोजनाओं को पंख लगेंगे और बुनियादी ढांचा और अधिक मजबूत होगा।

# पोर्टल पर स्कूली वाहनों डेटा करना होगा अपलोड

**बरेली, अमृत विचार :** परिवहन विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को जिले के सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों के साथ जीआईसी ऑडिटोरियम में बैठक की। जिसमें बताया कि स्कूली वाहनों का डेटा यूपी इंट्रीग्रेटेड स्कूल व्हीकल मैनेजमेंट पोर्टल पर दर्ज कर जानकारी देनी होगी। एडीएम सिटी सौरभ दुबे, एसपी ट्रैफिक मो. अकमल खान, आरटीओ प्रशासन पंकज, आरटीओ प्रवर्तन प्रणव झा आदि मौजूद रहे।

# व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस का इस्तेमाल पड़ेगा भारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिला पूर्ति कार्यालय की टीमें करेंगी जांच, दर्ज होगी एफआईआर

**अमृत विचार :** व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों के अवैध इस्तेमाल को देखते हुए जिला पूर्ति विभाग ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार ने सभी रेस्टोरेंट, ढाबा, होटल, मैरिज हॉल और मिठाई की दुकानों के स्वामियों को कड़ी चेतावनी जारी की है कि यह कृत्य आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत एक गंभीर और दंडनीय अपराध है, जिसमें भारी जुर्माने के साथ कारावास का भी प्रावधान है।

इधर, प्रशासन ने भी कहा है कि जिला पूर्ति कार्यालय की टीमें बरात घरों और खान-पान के केंद्रों पर सघन छापेमारी शुरू करेंगी। किसी भी होटल या व्यापारिक प्रतिष्ठान में घरेलू गैस सिलेंडर अथवा बिना अनुमति के कमर्शियल सिलेंडर का उपयोग पाया जाता है, तो न केवल प्रतिष्ठान के स्वामी, बल्कि बरात घर बुक कराने वाले व्यक्ति के विरुद्ध भी मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा। विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए केवल वैध कमर्शियल गैस सिलेंडरों का ही उपयोग करें।

# गांधीधाम-भागलपुर ट्रेन के संचालन में विस्तार, यात्रियों को मिलेगी राहत

**बरेली, अमृत विचार :** रेल प्रशासन ने 09451/09452 गांधीधाम-भागलपुर विशेष ट्रेन के संचालन अवधि का विस्तार किया है। अब यह ट्रेन बरेली सिटी, इज्जतनगर, पीलीभीत, मैलानी व सीतापुर स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव के साथ संचालित की जाएगी। स्थानीय यात्रियों को सीधे लंबी दूरी की यात्रा का बेहतर विकल्प मिलेगा।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक इज्जतनगर मंडल संजीव शर्मा ने बताया कि 09451 गांधीधाम-भागलपुर विशेष गाड़ी 17, 24 अप्रैल और 1, 8 मई को गांधीधाम से शाम 18:25 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन दूसरे दिन रात 20:55 बजे बरेली सिटी व 21:16 बजे इज्जतनगर पहुंचेगी। इसके बाद पीलीभीत, मैलानी होते हुए तीसरे दिन सुबह सीतापुर पहुंचेगी। वहीं, वापसी में 09452 भागलपुर-गांधीधाम विशेष ट्रेन 20, 27 अप्रैल, 4 व 11 मई को भागलपुर से सुबह 5 बजे चलेगी। यह ट्रेन दूसरे दिन तड़के 3 बजे बरेली सिटी और 3 बजे इज्जतनगर पहुंचेगी।

## बिजली विभाग

मोबाइल पर अलर्ट लगाकर अधिक बिजली खर्च होने से बच सकते हैं

# करें फैसला... मीटर पोस्टपेड या लेना है प्रीपेड का लाभ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए एक और खुशखबरी है। उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगवाना भले ही अनिवार्य हो लेकिन उन्हें अब यह विकल्प चुनने का अधिकार मिल गया है कि वह अपना मीटर पोस्टपेड तरीके से ही चलाना चाहते हैं, या प्रीपेड विकल्प में जाना चाहेंगे। टेक्नीशियन आपके घर पर सिर्फ स्मार्ट मीटर लगा सकता है, आपको जो भी विकल्प चाहिए उसके लिए आपको बिजली विभाग से बात करनी होगी।



- आपका स्मार्ट मीटर, अब आपका बिजली बिल कर सकता है सीमित

बता दें कि पोस्टपेड विकल्प में चलने वाले स्मार्ट मीटर में सामान्य मीटर की तरह ही महीने के आखिर एक बार बिल आएगा और बकाया बिल पर आपको चक्रवृद्धि ब्याज भी देना होगा। लेकिन उपभोक्ता बिजली के स्मार्ट मीटर को प्रीपेड तरीके से इस्तेमाल करता है तो वह प्रीपेड स्मार्ट मीटर पर मिलने वाली सभी सुविधाओं का लाभ ले सकता है। जिनमें बिजली विभाग द्वारा बनाए गए ऐप के जरिए रियल टाइम पर बिजली खपत की जानकारी, सटीक बिलिंग, आसान भुगतान, सोलर पैनल के साथ स्मार्ट मीटर का उपयोग और ऑनलाइन रिचार्ज पर मिलने वाली छूट समेत राज्य सरकारों द्वारा दी जाने वाली अन्य सुविधाएं शामिल हैं। बिजली बिल सीमित कर सकते हैं अलर्ट लगाकर अधिक बिल बनने से बच सकते हैं।

स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को यह अतिरिक्त सुविधा केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा बीते 1 अप्रैल 2026 को जारी उस नए संशोधन के मिली है, जिसमें ''अनिवार्य प्रीपेड'' की शर्त को हटा दिया गया है। स्मार्ट मीटर लगवाना अभी भी अनिवार्य है, लेकिन इस नए संशोधन से आपको पोस्टपेड या प्रीपेड के विकल्प का अधिकार मिल गया है। अब उपभोक्ताओं को यह चुनने की आजादी होगी कि वे पोस्टपेड (पहले बिजली इस्तेमाल करें, फिर बिल भरें) विकल्प में रहना चाहते हैं, या प्रीपेड (पहले रिचार्ज करें) विकल्प को अपनाना चाहते हैं।

### बोले स्मार्ट उपभोक्ता

सुरेश शर्मा नगर निवासी अक्षय शर्मा का कहना है कि जब से मेरा स्मार्ट मीटर लगा है मुझे काफी राहत मिली है। मेरे मोबाइल एप पर पूरी जानकारी मिल जाती है। कितनी बिजली खपत और कितना बिल, रोजाना पता चल जाता है। राजेंद्र नगर के प्रताप राज कहते हैं कि स्मार्ट मीटर प्रीपेड कर दिया गया था। मैंने स्वेच्छा से अब पोस्टपेड करा लिया है। मुझे कोई दिक्कत नहीं है। मेरे मोबाइल पर घर की बिजली की खपत का पूरा ब्यौरा रहता है।

> प्रीपेड मीटर को पोस्टपेड करने का अभी तक मुख्यालय या शासन की तरफ से कोई आदेश नहीं आया है। अगर आदेश मिलता है तो उसका तत्काल प्रभाव से पालन कराया जाएगा। फिलहाल अभी आदेश का इंतजार किया जा रहा है।
>
> -धर्मेन्द्र सिंह, अधीक्षण अभियंता

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic



★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना




Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें

डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
19 अप्रैल 2026, रविवार
3 मई 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# नरियावल में भूसे की तरह कराई गायों की शिफ्टिंग, एक की मौत

संवाददाता, बिथरी चैनपुर

**अमृत विचार :** महानगर से सटी नरियावल ग्राम पंचायत से गौवंश को गौशाला भेजे जाने के दौरान ऐसी अमानवीय तस्वीरें सामने आईं कि गौरक्षक गुस्से में लाल-पीले हो उठे। पैसे बचाने को ज्यादा गौवंश भूसे की तरह की एक ही मिनी ट्रक में ठूंस दिए गए। इससे एक गाय की मौत हो गई, जबकि कुछ की हालत बिगड़ गई। गौरक्षकों ने रात के अंधेर में पीछा करके गाड़ी रुकवाई और गौवंश की बुरी हालत देखकर हंगामा किया। हिन्दू संगठनों ने पूरे मामले में में प्रधान, सचिव व बीडीए की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कार्रवाई की मांग उठाई है।

पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह के अपने जिले में गौवंश की बेहतर देखभाल की उम्मीद की जाती है मगर नरियावल की कहानी सिस्टम की भूमिका को सवालों के दायरे में लाने वाली है। गौराकों ने बताया कि मिनी ट्रक में जान बूझकर क्षमता से कहीं ज्यादा गौवंश भर दिए गए थे। गौवंश की देखभाल और गौशालाओं तक पहुंचाने के लिए सरकार भरपूर पैसा पंचायतों को दे रही है, लेकिन नरियावल पंचायत में गायों के साथ अमानवीयता की गई। सूचना मिलते ही कई गौसेवक वाहनों से मौके पर पहुंच गए और पीछा करके गौवंश से लदी गाड़ी को रुकवा लिया। हंगामे की सूचना पर पशु चिकित्साधिकारी के साथ पुलिस पहुंच गई। गौ रक्षकों ने नाराजगती जताते हुए अपनी निगरानी में गायों को दासपुर गौशाला पहुंचाया और खुद सामने खड़े होकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया। देर तक तनावपूर्ण हालात बने रहे। इंस्पेक्टर बिथरी राजेश बाबू मिश्रा ने बताया कि मिनी ट्रक से शिफ्टिंग के दौरान कुछ गायों के घायल होने की सूचना मिली थी। तुरंत पुलिस पहुंच गई। स्थिति नार्मल है। हंगामे जैसी बात सामने नहीं आई।



क्षमता से ज्यादा गोवंश मिनी ट्रक में भरने पर गोरक्षकों ने हंगामा किया। ● अमृत विचार



मिनी ट्रक में भूसे की तरह ठूसी गईं गायें। ● अमृत विचार

- गौरक्षक बोले, गौवंश के साथ दिखाई गई अमानवीयता
- सचिव, प्रधान व बीडीओ पर उठी कार्रवाई की मांग

### एक घंटे का रास्ता, दो घंटे में भी पूरा नहीं हुआ

हिन्दूवादी नेता अजय पटेल ने कहा कि पहले गायों को एक ही डीसीएम में लापरवाही से भर दिया। इसके बाद गायें शिफ्ट करवाने जा रहे ग्राम प्रधान और सचिव रास्ता ही भूल गए। एक घंटे का रास्ता दो घंटे में पूरा हुआ। भूसे की तरह डीसीएम में लदीं गायें तड़पती रहीं।

### पैसा बचाने के चक्कर में गायों से अमानवीयता

गायों की शिफ्टिंग में लापरवाही का पता होते ही मौके पर पहुंचे हिन्दू जागरण मंच युवा के जिलाध्यक्ष हिमांशु पटेल ने बताया कि डीसीएम में गायों को बहुत बुरी तरह से भर दिया गया था। जब सरकार बजट दे रही है तो पंचायत ने गौवंश ले जाने को पर्याप्त ट्रक गाड़ियां क्यों नहीं किराए पर लीं। लापरवाही से एक की मौत हो गई है, जबकि कई की हालत बिगड़ गई। अपनी मौजूदगी में गायों को दासपुर गोशाला पहुंचाया गया है। ग्राम प्रधान, सचिव और बीडीओ अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते।

–गायों की शिफ्टिंग में लापरवाही के आरोप गलत हैं। शासन के आदेश पर ही सभी गायें स्वस्थ स्थिति में दूसरी गौशाला में शिफ्ट करने के लिए भेजी जा रही थीं।
**– राजीव कुमार, प्रधान प्रतिनिधि**, नरियावल।

शासन से ने वीडियो कांफ्रेंसिंग कर छोटी गौशालाओं से बड़ी गौशाला में गायें शिफ्ट करने के निर्देश दिए गए थे। निर्देशों के अनुपालन में गायें शिफ्ट करवाई जा रही थीं। किस स्तर पर लापरवाही बरती गई, इसकी जांच कराई जाएगी। **कौशल गुप्ता**, बीडीओ, बिथरी चैनपुर

# गांधी उद्यान में छात्रा से छेड़छाड़ गुस्साए परिवार ने शोहदे को धुना

## छात्रा के पीछे पड़ा था साहिल, पार्क में करने लगा परेशान तो टूटा भीड़ का गुस्सा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र में रहने वाली छात्रा का एक शोहदे ने जीना मुहाल कर दिया। फोन पर गंदी बातें करता था और अश्लील मैसेज भेजकर मिलने को बुलाता था। लड़की ने घरवालों को आपबीती बताई तो परिवार ने बातचीत के लिए आरोपी साहिल को गांधी उद्यान बुला लिया। छात्रा को देखते ही उसने फिर खराब बातें कहीं तो भीड़ ने उसकी ढंग से खबर ले डाली। जमकर कूटा। हालांकि, मारपीट-हंगामे के दौरान युवक वहां से भाग निकला। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

इज्जतनगर की रहने वाली छात्रा ने पुलिस को बताया कि दूसरे समुदाय का साहिल नाम का युवक काफी दिन से उसका पीछा कर रहा था। जहां भी मिलता, रास्ता रोक लेता और छेड़खानी करता। फब्तियां कसता। उसे मैसेज भेजकर भी परेशान करता था। उस मिलने के लिए दबाव बनाता था। विरोध उसकी जिंदगी तबाह करने की धमकियां देता था।

आतंकित होकर छात्रा ने घर से निकलना तक बंद कर दिया था। उसने परिवार को पूरी बात बताई तो घरवालों ने आरोपी को समझाने के लिए कंपनी गार्डन बुलाया। छात्रा परिजनों के साथ गांधी उद्यान पहुंची थी। आरोप है कि छात्रा अकेली आगे दिखी तो युवक जबरन साथ में कैंट चलने को दबाव बनाने लगा और विरोध पर छेड़छाड़ करने लगा। यह देखकर आसपास परिवार व रिश्तेदारों ने युवक को दबोच लिया और जमकर पीटा। मौके पर भीड़ जुट गई तो वह आरोपी भाग निकला। सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई।

पीड़ित परिवार ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की है। इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय ने बताया कि आरोपी के खिलाफ जल्द कड़ी कार्रवाई की जाएगी।




हंगामे की सूचना पर गांधी उद्यान में जुटी भीड़। ● अमृत विचार

- परिवार ने बातचीत के लिए बुलाया था आरोपी
- मारपीट-हंगामे के बाद मौके से भागा युवक
- पुलिस बोली, शोहदे पर होगी सख्त कार्रवाई

## मंदिर में विवाद के बाद युवक पर किया चाकू से हमला

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर निवासी गोविंद कुमार रविवार की शाम मंदिर में दर्शन करने गए थे। इसी दौरान मोहल्ले के ही युवक से उनका विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान आरोपी ने शराब के नशे में बोतल उठाकर गोविंद कुमार पर हमला करने की कोशिश की।

मौके पर मौजूद परिजनों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया। अगले दिन 13 अप्रैल को सुबह आरोपी चाकू लेकर उनके घर में घुस आया और पीछे से उन पर हमला कर दिया। गोविंद की पीठ पर चाकू लगा। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

- आरोपी ने शराब के नशे में बोतल उठाकर गोविंद कुमार पर किया हमला पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

# महिला का लटका मिला शव, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बारादरी क्षेत्र में संदिग्ध हालात में महिला की मौत हो गई। उसका शव पंखे से लटका मिला। मायके वालों ने ससुरालियों पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पति समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हैंगिंग आया है।

बारादरी के कटरा चांद खां निवासी रिंकू ने वर्ष 2021 में नवादा शेखान निवासी अनमोल से प्रेम विवाह किया था। दोनों पीलीभीत रोड स्थित एक मॉल में करते थे। मंगलवार सुबह अनमोल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनका शव कमरे में पंखे के सहारे लटका था। सूचना पर पुलिस व फील्ड यूनिट मौके पर पहुंची। जांच में पता चला कि दरवाजा अंदर से बंद था। कुंडे को तोड़कर परिवार अंदर गया था। अनमोल के पिता महेंद्र ने बताया कि बेटी के विवाह के बाद ससुरालवाले दहेज की मांग करते थे। आए दिन मारपीट की जाती थी। उसके कई साक्ष्य उनके पास फोन रिकार्डिंग में हैं। महेंद्र का आरोप है कि बेटी की बेल्ट से गला घोटकर हत्या की गई है।

- बारादरी के कटरा चांद खां में घटना 2021 में किया था प्रेम विवाह
- परिजनों का दहेज उत्पीड़न का भी आरोप, पति समेत छह पर रिपोर्ट



जानकारी देते परिजन। ● अमृत विचार

शिकायत पर पुलिस ने पति समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले की जांच की जा रही है।
**–बिजेंद्र सिंह**, इंस्पेक्टर बारादरी

## गुंडा एक्ट में पूर्व प्रधान का पुत्र हुआ जिला बदर

**बरेली/देवरनियां, अमृत विचार :** गुंडा एक्ट की कार्रवाई के बाद डीएम के आदेश पर पूर्व प्रधान के पुत्र को छह माह के लिए जिला बदर कर दिया गया है। जिला बदर हुए व्यक्ति पर पाक्सो एक्ट समेत आठ मुकदमे दर्ज हैं।

देवरनियां कोतवाली क्षेत्र के गांव गिरधरपुर निवासी पूर्व प्रधान शफीक अहमद का पुत्र सद्दाम पर देवरनियां पुलिस ने गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। कोतवाली प्रभारी उप निरीक्षक आशुतोष द्विवेदी ने बताया चार अप्रैल को जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय ने सद्दाम को छह माह के लिए जिला बदर करने का आदेश पारित किया था। इसी पर कार्रवाई करते हुए मंगलवार को सद्दाम पर जिला बदर की कार्रवाई की गई। जिले की सीमा से बाहर समीपवर्ती उत्तराखण्ड प्रदेश के उधमसिंहनगर के थाना पुलभट्टा की सीमा मे छोडा गया।

# रामगंगा पुल पर हाथ छोड़कर दौड़ाई बाइक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** राम गंगा पुल पर युवाओं की खतरनाक स्टंटबाजी सामने आई है। रीलबाजी के चक्कर में दो युवक हाथ छोड़कर बाइक चलाते नजर आए। वीडियो वायरल होने के बाद हिन्दू संगठनों ने कार्रवाई की मांग उठाई है।

वायरल रील में देखा जा रहा है कि बाइक चलाने वाला युवक अचानक पुल पर हैंडल से हाथ अलग कर लेता है और पीछे बैठा उसका साथी खतरनाक स्टंटबाजी में उसका साथ देता है। हाल के समय में ट्रैफिक पुलिस ऐसे कई स्टंट और रीलबाजों पर मोटा जुर्माना भी लगा चुकी है, लेकिन इसके बाद भी हालात सुधरते नजर नहीं आ रहे। हिन्दूवादी संगठनों ने एक्स पर शिकायत करते हुए कहा है कि इस तरह से सड़कों पर स्टंटबाजी से दूसरे वाहनों के लिए खतरना बन सकती है। ऐसा करने वालों पर कड़ा एक्शन लेने की मांग उठाई गई है। शिकायत के बाद पुलिस स्टंटबाजों की तलाश में लग गई है।



वायरल फुटेज।

- रीलबाजी के चक्कर में नियमों के बैरियर तोड़ रहे युवा

### बीडीए कॉलोनी में रोज होती है रेस

स्थनीय लोगों का कहना है कि बीडीए कॉलोनी रामगंगा नगर में में चौड़ी सड़कों पर शाम को अक्सर युवाओं की टोलियां स्टंट करती दिखती हैं। इसमें युवक-युवतियां दोनों शामिल होते हैं। ऐसे लोग वहां पर कभी रेस लगाते हैं तो कभी रील बनाने के लिए बाइकों को गलत तरीके से चलाते हैं। वहां के वीडियों भी आए दिन सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं।

## सौतेली बेटियों पर इंस्टाग्राम आईडी हैक करने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली के इज्जतनगर क्षेत्र में एक महिला ने सौतेली बेटियों पर इंस्टाग्राम आईडी हैक करने और निजी फोटो-वीडियो से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया । पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कर्मचारी नगर निवासी महिला ने बताया कि उसके पति की पहली पत्नी का निधन हो चुका है और उसकी तीन बेटियां हैं। दोनों सौतेली बेटियां अक्सर बहाने से उसका मोबाइल फोन ले लेती थीं। इसी दौरान उन्होंने इंस्टाग्राम का पासवर्ड हासिल कर अकाउंट हैक कर लिया। महिला का कहना है कि आईडी हैक करने के बाद बेटियों ने उसकी कई तस्वीरें बदल दीं और फोटो के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। साथ ही इंस्टाग्राम पर ऑल इंडिया बार परीक्षा के नाम पर ओटीपी मांगकर अकाउंट का एक्सेस लिया गया। इंस्पेक्टर इज्जतनगर सुरेश चंद्र गौतम बताया कि महिला की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# वाहन ने सेल्समैन को कुचला चालक ने उड़ाया मोबाइल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रात में ड्यूटी से घर लौट रहे सेल्समैन को अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। एम्बुलेंस चालक ने उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि चालक ने उसका मोबाइल और रुपये अपने पास रख लिए।

बिथरी चैनपुर के बहादुरपुर निवासी सोमपाल का बेटा सर्वेश झुमका चौराहे के पास एक पेट्रोलपंप पर सेल्समैन था। उनके रिश्तेदार दिनेश कुमार ने बताया कि सर्वेश सोमवार की रात नौ बजे पेट्रोल पंप से लौट रहा था। झुमका तिराहे के पास तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल पहुंचवाया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि अगर सर्वेश को सही इलाज मिलता तो उसकी जान बच सकती थी। वह जिला अस्पताल में रात में चार-पांच घंटे तक तड़पता रहा लेकिन उसके साथ कोई न होने के कारण उसे सही इलाज नहीं मिल सका। रिश्तेदारों ने यह भी कहा कि वह रात में पेट्रोल पंप का कैश लेकर आता था लेकिन उसके पास पैसा नहीं मिला न ही उसका मोबाइल था। सर्वेश के नंबर पर फोन किया गया तो एंबुलेंस चालक ने फोन उठाया और मोबाइल ले जाने के लिए कहा। आरोप है कि रुपये भी गायब हैं।




- सोमवार की रात झुमका चौराहे के पास हुआ हादसा
- परिजन बोले, पेट्रोल पंप से कैश लेकर आ रहे थे सर्वेश

## पत्नी-बच्चों से मारपीट करता है पति, रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** संपत्ति के लिए पिता ही बेटे का दुश्मन बन गया है। वह पत्नी के साथ साथ बेटा-बेटियों की पिटाई करता है। साथ ही घर में पथराव करता है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्रेमनगर के पटेल नगर निवासी मंजू कठेरिया ने बताया कि उनके पति महेश उनके साथ मारपीट करते हैं। 11 अप्रैल को पति ने उनके साथ-साथ उनकी बेटियों की भी पिटाई कर लहूलुहान कर दिया। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। अब पति उनके बच्चों को जान से मारने की धमकी दे रहा है। उनके पति दो और शादियां कर चुके हैं। बेटियों की शादी की बात पर चिढ़ जाते हैं और घर नहीं आते। मंजू का आरोप है कि पति को उनकी मां ने बेदखल कर दिया है। पति उनके बेटे को जान से मारने की धमकी दे रहे है। पीड़िता ने मामले की शिकायत एडीजी से की। एडीजी के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## धर्म परिवर्तन किया न ही निकाह, बोली युवती

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव सरनिया में किशोरी के धर्म परिवर्तन और निकाह की खबर पुलिस जांच में फर्जी साबित हुई। शुरुआती सूचना में दावा किया गया था कि पंजाब की एक किशोरी का धर्म परिवर्तन कराकर युवक से निकाह कराया गया। इसके बाद संबंधित लोग घर में ताला डालकर फरार हो गए।

जांच के दौरान पता चला कि वह पंजाब की नहीं, बल्कि नेपाल की रहने वाली 28 वर्षीय युवती है, जो गुजरात के अहमदाबाद में पिछले दो वर्षों से ब्यूटी पार्लर चला रही है। वहीं, सीबीगंज के सरनिया गांव का युवक भी अहमदाबाद में ही कारचोबी का काम करता है। दोनों के बीच केवल दोस्ती है। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि पुलिस के बुलाने पर युवक- युवती सीबीगंज थाने पहुंचे। युवती ने बताया कि उसने न तो धर्म परिवर्तन किया है और न ही निकाह। वह हिंदू है और अपनी शादी हिंदू समाज में ही करने की बात कही।

युवती ने बताया कि तीन अप्रैल को वह युवक के साथ फरीदापुर चौधरी में एक पारिवारिक शादी में शामिल होने आई थी। इसी दौरान कुछ लोगों ने अफवाह फैला दी, जिससे घबराकर दोनों छह अप्रैल को अहमदाबाद लौट गए थे।

- सीबीगंज में धर्म परिवर्तन की अफवाह निकली फर्जी

**नई पहल** | पुलिस ऑफिस में समाचार पत्र, मीडिया और सोशल मीडिया की सूचनाएं की जा रहीं एकत्र

# कप्तान ने खुलवाया रंजिश रजिस्टर, हर खबर दर्ज होगी इधर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिले में आपराधिक रंजिश और संभावित विवादों पर नजर रखने के लिए पुलिस ने 'रंजिश-रजिस्टर' तैयार करना शुरू किया है। इस रजिस्टर में जिलेभर के ऐसे लोगों और मामलों का विस्तृत ब्योरा दर्ज किया जा रहा है, जिनसे कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है।

प्रधानी रंजिश को लेकर एक दूसरे पर गंभीर आरोप लगना तय हो गए हैं। इनकी सच्चाई जानने के लिए एसएसपी ने जनवरी से अब तक समाचार पत्रों, मीडिया रिपोर्ट्स और सोशल मीडिया पर आने वाली हर छोटी-बड़ी सूचना को एकत्र कराकर इस रजिस्टर में शामिल करा रहे हैं। इसमें यह भी दर्ज किया जा रहा है कि किस प्रधान के पास असलाह है, किसके खिलाफ कितने मुकदमे दर्ज हैं और वह कितना खुराफाति या विवादित प्रवृत्ति का है।

इस विशेष निगरानी व्यवस्था पर जिले के सभी स्तर के अधिकारी नजर है। इंस्पेक्टर, सीओ, पुलिस अधीक्षक और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अपने-अपने स्तर से रंजिश से जुड़े मामलों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं, ताकि समय रहते विवादों को रोका जा सके। पुलिस का फोकस पंचायत चुनाव और स्थानीय स्तर की राजनीति से जुड़े लोगों पर भी है। वर्तमान ग्राम प्रधानों से लेकर संभावित प्रत्याशी प्रधानों तक की गतिविधियों का रिकॉर्ड रजिस्टर में संकलित किया जा रहा है, जिससे चुनाव के दौरान किसी प्रकार की अशांति न फैले। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस लाइन में 15 सिपाहियों की टीम इस रजिस्टर को तैयार करने में जुटी है।

### भूमि विवादों के त्वरित निस्तारण को बनी योजना, रोज होगी समीक्षा

बरेली, अमृत विचार : जिले में भूमि विवादों के त्वरित निस्तारण के लिए पुलिस प्रशासन ने विशेष कार्ययोजना बनाई है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर, दक्षिणी और उत्तरी अपने क्षेत्रों में सबसे अधिक जिन थाना क्षेत्रों में जमीन विवाद के मामले सामने आते हैं, वहां नजर रखेंगे। योजना के अनुसार प्रत्येक थाने में भूमि विवाद से जुड़े प्रार्थना पत्रों की दैनिक समीक्षा की जाएगी। अधिक संवेदनशील थानों पर वरिष्ठ अधिकारी स्वयं भ्रमण कर पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम के माध्यम से विवादों का निस्तारण सुनिश्चित करेंगे। सर्किल स्तर पर क्षेत्राधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है, जो राजस्व विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर लंबित मामलों का समाधान कराएंगे। सभी थानों में भूमि विवाद रजिस्टर को अद्यतन करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसमें बीट आरक्षियों के माध्यम से चिह्नित सभी विवाद दर्ज किए जाएंगे। यूपी-112, आईजीआरएस और समाधान दिवस से प्राप्त शिकायतों को भी शामिल किया जाएगा। गंभीर मामलों में निरोधात्मक कार्रवाई, शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण तथा संबंधित पक्षों को पाबंद करने की कार्यवाही की जाएगी, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीमें गांवों एवं शहरी क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर छोटे-छोटे विवादों का भी निस्तारण करेंगी।



पुलिस की टीमें रंजिश रजिस्टर पर नजर बनाए हुए हैं। हम प्रधानी से छोटी से छोटी सूचना, विवाद समेत वर्तमान प्रधानों और पूर्व प्रधानों के साथ संभावित चुनाव लड़ने वालों के बारे में भी जानकारी जुट रहे हैं, ताकि चुनाव आने पर वे किसी तरह की खुराफात न कर सकें।
**–अनुराग आर्या**, एसएसपी

## न्यूज ब्रीफ

### पिस्टल के साथ रील बनाने का आरोपी पकड़ा

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** पिस्टल लेकर रील बनाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पिस्टल गांव के प्रधान नाजिम अली की लाइसेंसी निकली। पुलिस ने पिस्टल को सील कर दिया। भोजीपुरा के गांव रूपपुर निवासी शारिफ अली का पिस्टल लेकर रील बनाते फोटो वायरल हुआ था। निर्दोष राठौड़ ने एक्स पर ट्वीट कर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने शारिफ अली को गिरफ्तार कर लिया। शारिफ अली ने ही पुलिस को बताया कि वह पिस्टल ग्राम प्रधान नाजिम अली की थी।

### नहर पटरी पर जुआ खेलते चार गिरफ्तार

**नवाबगंज, अमृत विचार :** पुलिस ने गश्त के दौरान कस्बे से सटे रिछोला किफायतुल्ला की नहर पटरी के पास जुआ खेल रहे चार लोगों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सभी आरोपियों ने हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलना स्वीकार किया। पुलिस ने जुआ अधिनियम की धारा 13जी के तहत कार्रवाई की है।

### युवक का बंदूक के साथ फोटो वायरल

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** एक और युवक का सोशल मीडिया पर बंदूक के साथ फोटो वायरल हो रहा है। हिंदू जागरण मंच युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष ने एक्स पर ट्वीट कर कार्रवाई की मांग की है। भोजीपुरा के गांव रत्ना चुन्नीलाल निवासी मुखत्यार नामक युवक जंगल में गन्ने के खेत पास खड़ा है और उसके कंधे पर बंदूक है। फोटो का संज्ञान ले पुलिस जांच कर रही है।

### तस्कर को नारकोटिक्स टीम ने पकड़ा

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में वांछित चल रहे थाना क्षेत्र के मझगवां गांव के एक तस्कर को नारकोटिक्स सेल लखनऊ और विशारतगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया। नारकोटिक्स सेल के निरीक्षक जीशान अली ने बताया कि थाना बिशारतगंज के अंतर्गत मझगवा गांव का रहने वाला आरोपी रोशन कुमार वर्मा कानपुर में 4 किलो अफीम के साथ पकड़े गए तस्करों में शामिल था उसी मामले में पांच साल से वांछित चल रहा था। मंगलवार की सुबह आरोपी तस्कर रोशन वर्मा को मझगवा ब्लॉक के पास से पकड़ लिया।

# जय भीम के नारों से गूंज उठा शहर

- शोभायात्रा में संविधान शिल्पी को किया नमन

कार्यालय संवाददाता, बरेली


शोभायात्रा में शामिल डॉ. भीमराव आंबेडकर की झांकी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती मंगलवार को शहर में धूमधाम से मनाई गई। संविधान शिल्पी को नमन करने के लिए शोभायात्राएं निकाली गईं। शाम होते-होते यह जनसैलाब कोतवाली के सामने आंबेडकर पार्क में एकत्रित हुआ। पूरा वातावरण 'जय भीम' के उद्घोष से गुंजायमान रहा।

कोतवाली से शुरू हुई मुख्य शोभायात्रा जीआईसी रोड, जिला पंचायत, कुतुबखाना और जिला अस्पताल रोड जैसे इलाकों से गुजरी। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन संघर्षों पर प्रकाश डाला और लोगों से उनके द्वारा दिखाए गए समानता व बंधुत्व के मार्ग पर चलने की पुरजोर अपील की। राष्ट्रीय मानव सेवा संस्थान की अध्यक्ष बिंदु सक्सेना ने कहा कि डॉ. आंबेडकर के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। ब्रह्मस्वरूप सागर, अक्षन अंसारी, रिषीपाल सिंह, जीतेंद्र सिंह गौतम, शकुंतला गौतम, विक्रम सिंह, राजेंद्र सिंह गुर्जर, पूनम गौतम, वीरपाल, सुरेश चंद्र व अन्य शामिल रहे।


डॉ. भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति द्वारा आंबेडकर पार्क से निकाली गई शोभायात्रा में शामिल लोग।


शोभायात्रा में तिरंगा लिए लोग। ● अमृत विचार

### नगर निगम के द्वार पर महापौर ने किया शोभायात्रा का स्वागत



**बरेली, अमृत विचार :** बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर शोभायात्रा का महापौर डॉ. उमेश गौतम ने नगर निगम गेट पर अभिनंदन किया। महापौर ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब द्वारा दिखाया गया समानता और समरसता का मार्ग आज भी वैश्विक प्रेरणा का केंद्र है। जय भीम के उद्घोष और ढोल-नगाड़ों के बीच इस स्वागत कार्यक्रम ने सामाजिक एकता और सद्भाव की मिसाल पेश की। पार्षदों व गणमान्य नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

# डॉ. आंबेडकर के विचार आज भी प्रासंगिक

## जयंती पर सरकारी कार्यालयों, शैक्षिक संस्थानों और निजी कार्यक्रमों में शिद्दत से याद किए गए बाबा साहब

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** संविधान के मुख्य शिल्पकार और भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। सरकारी कार्यालयों, राजनीतिक दलों के दफ्तरों और विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में बाबा साहब को नमन किया गया। भव्य शोभायात्रा निकाली गई तो कहीं गोष्ठियों के माध्यम से उनके सिद्धांतों को याद किया गया। वक्ताओं ने बाबा साहब के दिखाए मार्ग पर चलने और संविधान की रक्षा का संकल्प लिया।

कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम में जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें दलितों का मसीहा और आधुनिक भारत का निर्माता बताया। कहा कि डॉ. आंबेडकर ने कठिन संघर्ष और शिक्षा के बल पर जातिगत भेदभाव की बेड़ियों को तोड़ा। बैठक में एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह, एडीएम (वि/रा) संतोष कुमार और एडीएम नगर सौरभ दुबे आदि मौजूद रहे। इधर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. विनीता ने कार्यालय में डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर कार्यालय का स्टाफ भी उपस्थित रहा। बीएसए ने भीमराव आंबेडकर के कार्यों की चर्चा करते हुए सभी से अपील की कि हमें उनके आदर्शों पर चलना चाहिए।


विश्वविद्यालय में पुस्तक का विमोचन करते कुलपति व कुलसचिव। ● अमृत विचार

- आंबेडकर जयंती पर डॉ. बीआर अंबेडकर, ए ग्रेट वॉरियर ऑफ सोशल जस्टिस का विमोचन

**डॉ. आंबेडकर ने अतुलनीय कार्य किए: प्रो. केपी सिंह**

**बरेली, अमृत विचार:** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में मंगलवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय में आंबेडकर चेयर का उद्घाटन किया गया। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि डॉ. आंबेडकर भारतीय समाज एवं देश को आंतरिक रूप से मजबूत करने के लिए सर्वाधिक चिंतित रहे। इस दिशा में उन्होंने अतुलनीय कार्य किए। मुख्य वक्ता प्रो. आशुतोष प्रिय ने कहा कि जिस आंबेडकर को पढ़ने नहीं दिया गया। आज हर व्यक्ति उन्हें पढ़ रहा है। कुलपति एवं कुलसचिव हरीश चंद ने डॉ. सुरेश कुमार और डॉ. कामिनी विश्वकर्मा की संपादित पुस्तक डॉ. बीआर अंबेडकर, ए ग्रेट वॉरियर ऑफ सोशल जस्टिस का विमोचन किया। हरमोहन वर्मा, डॉ. कामिनी विश्वकर्मा, प्रो. अर्चना गुप्ता, प्रो. अनीता त्यागी, प्रो. शोभना सिंह, डॉ. विजय सान्याल, डॉ. पवन कुमार सिंह, डॉ. विमल कुमार, डॉ. रुचि द्विवेदी, तपन वर्मा, सुधांशु शर्मा, संजीव कुमार आदि उपस्थित रहे।

### जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण



**बरेली, अमृत विचार :** कोतवाली स्थित आंबेडकर पार्क में कांग्रेसियों ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। पीलीभीत के कोऑर्डिनेटर और निवर्तमान शहर कांग्रेस अध्यक्ष अजय शुक्ला ने कहा कि डॉ. आंबेडकर देश के महान समाज सुधारकों में अग्रणी थे। पारस शुक्ला (प्रदेश अध्यक्ष, पश्चिमी उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस), जुबैर खान, फिरोज खान, मुन्ने अंसारी, शिवान्श शर्मा, शोबी खान, इश्तयाक अंसारी, अवनीश चौबे सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। इधर, महानगर कांग्रेस पार्टी ने भी डॉ. आंबेडकर की जयंती मनाई। अध्यक्ष दिनेश दद्दा, प्रवक्ता केबी त्रिपाठी, पंडित राज शर्मा, डॉ. मेहंदी हसन, विनोद कुमार, महेंद्र पाल, तबस्सुम खान, फिरदौस खान, फरहीन खान, शुभम मलिक सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सपाइयों ने अर्पित किए बाबा साहब को श्रद्धासुमन



समाजवादी पार्टी के कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बाबा साहब ने दिलाया सम्मान से जीने का हक: शमीम सुल्तानी

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी की अध्यक्षता में जयंती मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर संविधान की रक्षा का संकल्प लिया।

शमीम सुल्तानी ने कहा कि बाबा साहब ने हिंदू कोड बिल और समानता के सिद्धांतों के जरिए पिछड़ों और दलितों को सम्मान से जीने का हक दिया। भोजीपुरा विधायक शहजिल इस्लाम ने कहा कि बाबा साहब के अधूरे मिशन को अखिलेश यादव पीडीए के माध्यम से मजबूती दे रहे हैं। पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि आज संविधान को बचाने की बड़ी चुनौती है। पंडित दीपक शर्मा, अशोक यादव, कदीर अहमद, राजेश अग्रवाल, इं. अनीस अहमद, संजीव सक्सेना, संजीव यादव, सैफ वली खां, हरिओम प्रजापति, साजिद, सत्यदेव ओझा, आदित्य कश्यप, अमित गिहार, अकरम खान, ब्रजेश यादव, ओमपाल यादव, युधिष्ठिर पाल सिंह, बाबा मियां, ओमपाल यादव, अहमद खान, राशिद अहमद, महेन्द्र, कुलदीप राना, राजेंद्र राजपूत आदि मौजूद रहे।

## सिटी डायरी

### डॉ. अनीस बेग ने आंबेडकर जयंती पर लगाया सेवा कैंप



**बरेली, अमृत विचार :** भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. अनीस बेग ने नावल्टी चौराहे पर भव्य सेवा कैंप का आयोजन किया। डॉ. बेग ने अंबेडकर शोभायात्रा का फूलों की वर्षा कर भव्य स्वागत किया। कैंप में पेयजल और मिष्ठान की भी व्यवस्था की गई। डॉ. बेग ने बाबा साहब को आधुनिक भारत का निर्माता बताते हुए उनके मूल मंत्र 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' को जीवन में उतारने का आह्वान किया। महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुलतानी, दीपक शर्मा, हरिओम प्रजापति, वीना गौतम, दिलीप कुमार, ऋषि यादव, एडवोकेट हुरिया रहमान, लक्की रत्नाकर, मुकेश मौर्य सहित बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

### आंबेडकर जयंती पर निबंध प्रतियोगिता में पूनम ने मारी बाजी



**बरेली, अमृत विचार :** राजकीय अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मनोनीत पार्षद कमला देवी कश्यप और भाजपा नेता राकेश कश्यप ने छात्राओं को बाबा साहब के जीवन दर्शन से परिचित कराया। प्रतियोगिता में पूनम देवी ने प्रथम, राखी ने द्वितीय, प्रज्ञा सिंह ने तृतीय और राधा ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।

### बाबा साहब व सेन महाराज की जयंती मनाई



**बरेली, अमृत विचार :** जनकपुरी स्थित सविता महासभा कार्य स्थल पर सैलून एसोसिएशन ने भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर व संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती मनाई। नगर निगम कार्यकारिणी सदस्य मुख्य अतिथि सतीश कातिब मामा, भाजपा महानगर उपाध्यक्ष रामचंद्र मौर्य, महानगर मंत्री राधे गुर्जर, एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव तेज बहादुर नंदवंशी, जिलाध्यक्ष विक्की श्रीवास्तव, रणधीर श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव, लियाकत सलमानी आदि मौजूद रहे।

### बाबा साहब का जीवन संघर्ष और सफलता का महाकाव्य



**बरेली, अमृत विचार :** भोजीपुरा के हमीरपुर गांव में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि बाबा साहब का जीवन एक महाकाव्य है, जो हमें विपरीत परिस्थितियों में भी हार न मानकर शिखर पर पहुंचने की प्रेरणा देता है। उन्होंने बचपन में झेले गए भेदभाव को अपनी कमजोरी नहीं बल्कि ताकत बनाया और जीवनभर दलितों, वंचितों व महिलाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। मंडल अध्यक्ष रामकृष्ण मौर्य, हरीश कुमार सोनकर, आंगनलाल गंगवार, अनिल कुमार गंगवार, भूपराम गंगवार, अभय सोनकर, संजय सागर, भूपेंद्र सागर आदि उपस्थित रहे।

### राज्य कर्मचारी महासंघ ने बाबा साहब को किया याद



**बरेली, अमृत विचार :** चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ की मंगलवार को मंडलीय बैठक में मुख्य अतिथि गीता पैट्रिक ने डॉ. आंबेडकर की नीतियों और उपलब्धियों को बताया। मुख्य वक्ता वेद प्रकाश वाल्मीकि ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर ने समाज के हर वर्ग के अधिकारों के लिए काम किया। बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन के महामंत्री संजीव मेहरोत्रा ने कहा कि डॉ. आंबेडकर द्वारा बनाए गए कानून को सरकार बदलने पर आमादा है। सलीम अहमद, कैलाश बाल्मीकि, अजय सिंह, अंजनी सिंह, इंद्र कुमार, रुचिका वर्मा, प्रियंका आदि मौजूद रहे।

# डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर गोष्ठी आयोजित


अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की विचार गोष्ठी। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बरेली महानगर के की ओर डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. विमल भारद्वाज ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन एक विचारधारा का प्रतीक है। उन्होंने शिक्षा को अपना हथियार बनाकर समाज में समानता और न्याय की स्थापना के लिए संघर्ष किया। महानगर अध्यक्ष डॉ. विकास शर्मा ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने अपने ज्ञान और संघर्ष से समाज को नई दिशा दी। प्रदेश मंत्री आनंद कठेरिया ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, आत्मसम्मान और शिक्षा का जीवंत उदाहरण है।

संचालन महानगर सह मंत्री सगुन ग्वाल द्वारा किया गया। विभाग संगठन मंत्री विकास गोला, महानगर संगठन मंत्री अरुण सूर्यवंशी, निखिल चौधरी, उदय सिंह, दीपांशु चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### आंबेडकर पार्क में जनसेवा टीम ने मनाई जयंती

**बरेली, अमृत विचार :** जनसेवा टीम के अध्यक्ष एवं समाजसेवी पम्मी खां वारसी ने टीम के सदस्यों के साथ कोतवाली स्थित आंबेडकर पार्क पहुंचकर जयंती मनाई। इस मौके पर ब्रह्मस्वरूप सागर सहित समाज के सभी लोगों से मिलकर डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती की बधाई दी। डॉ. सीताराम राजपूत, निक्की वर्मा, डॉ कासिमुद्दीन, हाजी साकिब रजा खां आदि लोग मौजूद रहे।

# एडीएम कंपाउंड बना पीएनजी युक्त

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** शहर को प्रदूषण मुक्त बनाने और रसोई गैस की आपूर्ति को अधिक सुगम बनाने को जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने एडीएम कंपाउंड में पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) पाइपलाइन विस्तार का फीता काटकर आरंभ किया। यहां रहने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सिलेंडर से मुक्ति और 24 घंटे निर्बाध पीएनजी की आपूर्ति मिलेगी।

जिलाधिकारी ने डीएसओ समेत तीन उपभोक्ताओं को मौके पर ही कनेक्शन जारी किए। डीएम ने कहा कि पाइपलाइन आधारित प्राकृतिक गैस न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि यह समय की बचत भी करती है। सीयूजीएल के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल्द ही पुलिस लाइन, जजेस कॉलोनी और राजेंद्र नगर स्थित पीडब्ल्यूडी कॉलोनी में भी गैस आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, एडीएम (वि/रा) संतोष कुमार, एडीएम नगर सौरभ दुबे, एडीएम न्यायिक देशदीपक, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, सीयूजीएल से मार्केटिंग मैनेजर अभिषेक राहिल, जितेंद्र गौतम आदि मौजूद रहे।



सीयूजीएल पाइपलाइन का उद्घाटन करते डीएम अविनाश सिंह। ● अमृत विचार

- डीएम अविनाश सिंह ने किया पाइपलाइन विस्तार का उद्घाटन, सिलेंडर की झंझट होगी खत्म

### अग्निसुरक्षा सप्ताह आरंभ, निकाली रैली

**बरेली, अमृत विचार :** सिविल लाइंस स्थित अग्निशमन केंद्र में मंगलवार को अग्निसुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ हुआ। अध्यक्षता करते हुए मुख्य अग्निशमन अधिकारी मनु शर्मा ने बताया कि वर्ष 1944 में मुंबई बंदरगाह पर जहाज में भीषण आग लगी थी। बचाव कार्य के दौरान 66 अग्निशमन कर्मियों ने अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। उन्होंने सभी को अग्नि सुरक्षा के प्रति सजग रहने व आमजन को जागरूक करने का आह्वान किया। अधिकारियों व कर्मियों को पिन फ्लैग लगाए गए। सुबह आठ बजे परेड फॉल-इन कर स्मृति चिह्न पर पुष्प चक्र अर्पित किए गए। शहीद अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई। सुबह नौ बजे अग्नि सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई। सीएफओ ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। अग्निशमन अधिकारी संजीव कुमार व कर्मी मौजूद रहे।

### बच्चों में बढ़ रही टीएमजे समस्या इलाज जरूरी

**बरेली, अमृत विचार :** आजकल बच्चों में टेम्पोरोमैंडिबुलर जॉइंट (टीएमजे) से जुड़ी समस्याएं बढ़ रही हैं, जो पहले वयस्कों में अधिक देखी जाती थीं। टीएमजे वह जोड़ होता है, जो जबड़े को खोपड़ी से जोड़ता है और बोलने, चबाने तथा मुंह खोलने-बंद करने जैसी दैनिक गतिविधियों में अहम भूमिका निभाता है। जब इस जोड़ में दर्द, जकड़न या कार्य में बाधा उत्पन्न होती है, तो इसे टीएमजे डिसऑर्डर कहा जाता है।

इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज (आईडीएस) के दंत विशेषज्ञ डा. शिवांगी शर्मा के अनुसार बच्चों में इस समस्या के कई कारण हो सकते हैं। दांत पीसने की आदत (ब्रुक्सिज्म) इसका प्रमुख कारण है, जो अक्सर तनाव या चिंता से जुड़ी होती है। इसके अलावा दांतों की गलत बनावट (मैलोक्लूजन), जबड़े में चोट, तथा अत्यधिक सख्त या चिपचिपा भोजन भी दबाव बढ़ाते हैं। टीएमजे डिसऑर्डर के लक्षणों में जबड़े या कान के पास दर्द, मुंह खोलते समय आवाज आना, चबाने में परेशानी, मुंह पूरी तरह न खुल पाना, सिरदर्द और गर्दन में दर्द शामिल हैं। नजरअंदाज करने पर समस्या गंभीर हो सकती है। विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए।

# मुसीबत: एडवांस देकर भी नहीं मिल रहा कोयला


यतिन भाटिया।

- एलपीजी के लिए मशक्कत के बीच कोयले की किल्लत ने भी बढ़ा दी परेशानी

कार्यालय संवाददाता, बरेली


गोदाम में कोयले के कट्टे रखता श्रमिक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** एलपीजी आपूर्ति में दिक्कत का असर अब कोयला पर भी दिखाई देने लगा है। पहले दुकानदारों और होटल-रेस्टोरेंट संचालकों को उधारी में कोयला मिल जाता था, अब एडवांस भुगतान के बाद भी कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है।

कोल डिपो संचालक भाजपा नेता यतिन भाटिया ने बताया कि गैस संकट के चलते कोयले की मांग बढ़ गई है। पहले कंपनियों से नियमित सप्लाई मिल जाती थी, इसलिए वह होटल-रेस्टोरेंट संचालकों, बेचने वालों को उधार कोयला दे देते थे। लेकिन अब हालात ऐसे हैं कि उन्हें खुद एडवांस भुगतान करना पड़ रहा है फिर भी समय पर माल नहीं मिल रहा। ऐसे में उधार देना बंद करना पड़ा है। होटल, ढाबा और मिठाई दुकानदार गैस की कमी के कारण कोयले का इस्तेमाल कर रहे हैं। समय से कोयला नहीं मिलने से वे भी परेशान हैं। यतिन भाटिया ने बताया कि यहां से रुद्रपुर, खटीमा, चंपावत और पीलीभीत समेत कई जिलों में कोयला जाता है।

### हार्ड और सॉफ्ट कोक की रहती है मांग

यतिन भाटिया ने बताया कि हार्ड कोक ढाबों, चीनी मिलों, लोहरों की भट्टियों और बर्तन बनाने वालों के काम आता है। जबकि, सॉफ्ट कोक होटलों, घरों, ढाबों, मिठाई वालों के यहां इस्तेमाल होता है। बरेली में ज्यादातर कोयला धनबाद, झारखंड, डेहरी, झरिया, चंदासी और बनारस से आता है।

### कोयला के पहले और अब के दामों में अंतर

| कोयला : | पहले | अब |
|---|---|---|
| स्टीम : | 35-40 | 45-50 |
| सॉफ्ट : | 18 | 22 |
| हार्ड : | 18 | 20 |
| लकड़ी कोयला : | 10-12 | 14-15 |

नोट - दाम प्रति किलो में

# संगत ने मत्था टेककर लिया वाहेगुरु का आशीर्वाद

## खालसा साजना दिवस पर सजा मुख्य दीवान, मॉडल टाउन गुरुद्वारे से खालसा ग्राउंड तक निकला भव्य नगर कीर्तन

कार्यालय संवाददाता, बरेली



खालसा साजना दिवस वैसाखी पर्व पर खालसा ग्राउंड में सजा मुख्य दीवान।



खालसा साजना दिवस पर मुख्य दीवान के सम्मुख मत्था टेकते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** वैसाखी के उपलक्ष्य में खालसा साजना दिवस मंगलवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। खालसा ग्राउंड पर मुख्य दीवान सजाया गया। सुबह मॉडल टाउन गुरुद्वारा गुरु गोबिंद सिंह में श्री गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश जयकारों के बीच किया गया। इसके बाद सुखमनी साहिब एवं नितनेम वाणियों का पाठ किया। हजूरी रागी भाई हरमीत सिंह ने आसा की वार का कीर्तन किया।

अरदास के बाद अमृतसर दरबार साहिब से आए भाई कवलजीत सिंह ने हुकुमनामा की सेवा निभाई। इसके बाद फूलों से सुसज्जित वाहन में गुरु ग्रंथ साहिब को बिराजमान कर नगर कीर्तन निकाला गया जो खालसा ग्राउंड पहुंचा। नगर कीर्तन में पंज प्यारे विशेष आकर्षण रहे। भाई परमजीत सिंह नरसिंघा बजाते हुए संगत का उत्साह बढ़ाते चले। खालसा ग्राउंड में दीवान में हजूरी रागी भाई सतवंत सिंह, तख्त श्री केशगढ़ साहिब से आए भाई सिमरनदीप सिंह और पानीपत से आए भाई हरकीरत सिंह ने गुरबाणी कीर्तन कर संगत को निहाल किया। कार्यक्रम में सिख मिशनरी कॉलेज के विद्यार्थियों और

- सुखमनी साहिब एवं नितनेम वाणियों का पाठ किया गया
- मॉडल टाउन गुरुद्वारे में आज होगा अमृत संचार

कलगीधर कीर्तन ग्रुप के बच्चों ने भी शबद-कीर्तन और सवैये प्रस्तुत किए।

उस्ताद भाई मनदीप सिंह के निर्देशन में गुरबाणी कीर्तन फुलवाड़ी की बालिकाओं ने शबद गायन किया। पुणे स्थित यशदा यूनिवर्सिटी में अखिल भारतीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त मनप्रीत कौर ने भी प्रस्तुति दी। दीवान के समापन पर हजारों श्रद्धालुओं ने गुरु का लंगर छका।



शबद-कीर्तन और सवैये प्रस्तुत करतीं बच्चियां। ● अमृत विचार

विभिन्न सामाजिक व धार्मिक पुस्तकों के स्टॉल लगाए। नूर-ए-दस्तार ग्रुप का पगड़ी बांधने का विशेष स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहा। व्यास स्कूल ने संगत के लिए निशुल्क बस सेवा उपलब्ध कराई। सांसद छत्रपाल गंगवार, महापौर उमेश गौतम, वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार, विधायक संजीव अग्रवाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने गुरुद्वारे में माथा टेका। गुरुद्वारा प्रबंधन की ओर से सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। रात में शुकराना समागम देर रात तक चला। संचालन अध्यक्ष मालिक सिंह कालड़ा ने किया। मॉडल टाउन गुरुद्वारे में बुधवार को सुबह 10 बजे अमृत संचार का आयोजन किया जाएगा।

### पंजाबी महासभा ने सेवा भाव से मनाया बैसाखी पर्व



**बरेली, अमृत विचार :** पंजाबी महासभा की ओर से वैसाखी का पर्व हर्षोल्लास और सेवा भाव के साथ मनाया गया। मंगलवार को डीडी पुरम क्षेत्र में लंगर का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने वाहेगुरु का सिमरन करते हुए अटूट लंगर छका। अध्यक्ष संजय आनंद ने कहा कि खालसा पंथ की स्थापना आज ही के दिन गुरु गोबिंद सिंह जी ने की थी। पार्षद सतीश कातिब, देवराज चंडोक, अमित अरोरा, नमित गुलाटी, प्रिंस सोढ़ी, गुलशन आनंद, मनीषा आहूजा, संजीव आनंद, रणजीत सिंह काका, किशन राम अरोरा, सोनू अरोरा आदि मौजूद रहे।

## इंटर स्कूल क्रिकेट और फुटबॉल टूर्नामेंट में खेलेंगी 36 टीमें

**बरेली, अमृत विचार:** श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट व फुटबॉल टूर्नामेंट में 36 स्कूलों की टीमें शामिल होंगी। 22 टीमें क्रिकेट टूर्नामेंट खेलेंगी और 14 टीमें फुटबॉल टूर्नामेंट में शामिल होंगी। क्रिकेट टूर्नामेंट 15 से 25 अप्रैल के बीच और फुटबॉल टूर्नामेंट 21 से 25 अप्रैल के बीच एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) स्थित क्रिकेट और फुटबॉल स्टेडियम में होगा।

टूर्नामेंट की आयोजन समिति के ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डा.शोभित सक्सेना ने बताया कि श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट और फुटबॉल टूर्नामेंट दोनों को बरेली क्रिकेट एसोसिएशन एवं बरेली फुटबॉल एसोसिएशन ने मान्यता प्रदान की है। नॉकआउट आधार होने वाले दोनों टूर्नामेंट में क्रिकेट टीमों को चार ग्रुपों में रखा गया है, जबकि फुटबॉल में ए और बी दो ग्रुपों में। फुटबॉल की दोनों ग्रुपों में टीमें ड्रा के आधार पर अपना मुकाबला खेलेंगी। क्रिकेट टूर्नामेंट में फाइनल सहित कुल 21 मैच होंगे, जबकि फुटबॉल टूर्नामेंट में 13 मैच खेले जाएंगे। क्रिकेट और फुटबॉल दोनों टूर्नामेंट का फाइनल मैच 25 अप्रैल को सुबह नौ बजे खेला जाएगा।

## सिटी ब्रीफ

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रसार को बनीं 16 समितियां

**बरेली, अमृत विचार :** नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 के प्रसार अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए रुहेलखंड विश्वविद्यालय प्रशासन ने व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। कुलपति प्रो. केपी सिंह के निर्देश पर कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए 16 समितियों का गठन किया गया है। इनमें शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। कुलसचिव हरीश चंद ने समितियों का गठन किया। स्वागत समिति, आयोजन स्थल एवं मंच व्यवस्था समिति, मंच सज्जा, माला-बुके व राष्ट्रगान समिति, गिलास, पानी व स्टेशनरी की व्यवस्था, बैनर, झंडे व परिसर सफाई समिति, अनुशासन समिति, विशिष्ट अतिथि व्यवस्था समिति, मीडिया एवं कवरेज समिति, पानी वितरण समिति, साउंड, लाइट एवं विद्युत व्यवस्था समिति, ऑनलाइन और ब्रॉडकास्टिंग समिति, वाहन पार्किंग समिति, आकस्मिक चिकित्सा समिति, गेस्टहाउस व्यवस्था, सलाहकार समिति, परिसर सौंदर्यीकरण, इवेंट रिपोर्ट प्रिपरेशन समिति का गठन किया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी समितियों से समन्वय के साथ कार्य करते हुए कार्यक्रमों का सफल संचालन सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है।

### निशुल्क शिविर में 621 ने कराई आंखों की जांच



**बरेली, अमृत विचार :** कादरी रजवी ट्रस्ट के तत्वावधान में दरगाह आला हजरत स्थित कादरी हाउस पर मंगलवार को निशुल्क नेत्र शिविर में 621 लोगों की आंखों की जांच की गई। कारी तस्लीम रजा खां नूरी की सरपरस्ती में शिविर लगा। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करना हम सभी का कर्तव्य है। मौलाना तौसीफ रजा खां, फैज रजा खां, शहर इमाम मुफ्ती खुर्शीद आलम भी पहुंचे। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. आफताब आलम ने मरीजों की जांच की। निशुल्क दवा बांटी गई। नबीरा ए आला हजरत तनईम रजा खां कादरी, पम्मी खां वारसी, मौलाना उवैस रजा, मौलाना कुर्बान रजा, हाफिज अतीक हुसैन चांद, डॉ कसिमुद्दीन, जिया उर रहमान, सय्यद शाबान अली आदि का सहयोग रहा।

## गेहूं कटान के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली सप्लाई रहेगी बंद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिले के ग्रामीण इलाकों में गेहूं की फसलों में आग लगने की घटनाओं को देखते हुए बिजली विभाग ने बड़ा निर्णय लिया है। अब दिन में गेहूं कटान के समय ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली सप्लाई बंद रखी जाएगी, ताकि संभावित हादसों को रोका जा सके।

बीते दिनों बहेड़ी, मीरगंज, फरीदपुर सहित कई क्षेत्रों में आग लगने की घटनाएं सामने आई थीं जिनमें किसानों की मेहनत की फसल जलकर खाक हो गई। प्राथमिक जांच में कई मामलों में शॉर्ट सर्किट या ढीले बिजली तारों को आग लगने का

- फसल में आग की घटनाओं के चलते लिया गया फैसला

कारण माना गया है। बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि तेज गर्मी और सूखी फसल के बीच छोटी सी चिंगारी भी बड़े नुकसान का कारण बन सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए दिन में सप्लाई बंद रखने का फैसला लिया गया है। रात के समय नियमित रूप से बिजली आपूर्ति जारी रहेगी। विभाग ने किसानों से भी सतर्क रहने की अपील की है। खेतों के आसपास ज्वलनशील पदार्थ न रखने, बिजली लाइनों के नीचे फसल न रखने और आग लगने की स्थिति में तुरंत सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं।

## अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालु बनवा रहे स्वास्थ्य प्रमाण पत्र

**बरेली, अमृत विचार:** अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालु जिला अस्पताल में स्वास्थ्य प्रमाण पत्र बनवाने पहुंच रहे हैं। डाक्टरों की कमेटी श्रद्धालुओं की जांच कर रही है।

अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से 28 अगस्त तक चलेगी। इसके लिए पंजीकरण 15 अप्रैल से शुरू हो रहे हैं। श्रद्धालुओं के लिए स्वास्थ्य प्रमाण पत्र अनिवार्य है। एडीएसआईसी डॉ. रमेश चंद्र दीक्षित ने बताया कि अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए जिला अस्पताल में जांच करने के बाद उन्हें स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे है।

## आरएमसीएच टाइगर्स और आयुर्वेदिक स्पार्टन विजयी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के झंडा ग्राउंड में आयोजित श्री के कुमार एडवोकेट मेमोरियल सीजन 3 क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंगलवार को आरएमसीएच टाइगर्स और आईडीएस फाइटर्स के बीच तथा बीआईयू मेवरिक्स और आयुर्वेदिक स्पार्टन के बीच मुकाबले खेले गए। पहले मुकाबले में टाइगर्स ने 44 रनों से और दूसरे मुकाबले में आयुर्वेदिक स्पार्टन ने 10 रनों से जीत दर्ज की।

पहले मुकाबले में आरएमसीएच टाइगर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। डॉ.

- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के झंडा ग्राउंड में हो रही प्रतियोगिता
- श्री के कुमार एडवोकेट मेमोरियल सीजन 3 के अंतर्गत हो रहे क्रिकेट के मुकाबले

रजत दिक्षित ने 16 गेंदों में 37 रन और डॉ. आदित्य शर्मा ने 21 गेंदो में 38 रन बना कर टीम को ठोस शुरुआत दिलाई। डॉ. सोमेश ने 15 रनों का योगदान दिया। फाइटर्स के लिए रमजान और कपिल ने 1-1 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी फाइटर्स की टीम शुरुआत अच्छी नहीं रही। 12 रन पर दोनों ओपनर पेवेलियन में लौट गए। इसके बाद रमजान ने 11 गेंदो में 3 चौके और इतने ही छक्के लगाकर 34 बनाकर टीम को संभाला। उनके आउट होते ही टीम बिखर गई। टाइगर्स ने 44 रन से मैच जीत लिया। टीम के लिए गेंदबाजी में डॉ. सोमेश ने 3 और डॉ. रजत ने 2 विकेट अपने नाम किए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार ऑलराउंडर प्रदर्शन करने वाले डॉ. रजत को चुना गया।

दूसरे मुकाबले में मेवरिक्स ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। स्पार्टन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए डॉ. रोहन अग्रवाल के 33 और विशाल व डॉ. इरफान के 17-17 रनों के योगदान से 116 रनों का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेवरिक्स की टीम का पहला विकेट जल्द गिर जाने के बाद विनीत सिंह और अभिषेक सिंह ने टीम को संभाला। दोनों ने दूसरे विकेट लिए 36 रनों की साझेदारी की। डॉ. सजय सिंह ने 9 गेंदो में ताबड़तोड़ 35 रन बनाए। इसके बाद टीम का कोई भी बल्लेबाज टिक कर नहीं खेल सका। नियमित अंतराल पर विकेट गिरने का सिलासिला जारी रहा। मैच अंतिम ओवर तक गया। टीम को जीत के लिए अंतिम ओवर में 19 रन की दरकार थी। स्पार्टन के बॉलर डॉ. रोहन अग्रवाल ने केवल 9 देकर टीम को 10 रनों से जीत दिलाई। डॉ. इरफान को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

## आधा दिन ओपीडी, इलाज के लिए भटकते रहे मरीज



काउंटर पर पर्चा बनवाने के लिए लाइन में लगे मरीज व तीमारदार। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** आंबेडकर जयंती के चलते मंगलवार को जिला अस्पताल में आधा दिन की ओपीडी रही। जानकारी के अभाव में देरी से पहुंचने वाले मरीज इलाज के लिए इधर उधर भटकते रहे। 1200 से अधिक रोगी इलाज के लिए पहुंचे थे।

दोपहर 12 बजे तक चली ओपीडी में बुखार, सीने में दर्द, सांस के रोगियों की भरमार रही। सुबह ही पर्चा काउंटर मरीजों की भीड़ लग गई। पर्चा बनने के बाद रोगियों को चिकित्सक कक्ष के बाहर लाइन में लगना पड़ा। बाद में दवा काउंटर पर परेशानी से जूझना पड़ा। एडीएसआईसी डॉ. रमेश चंद्र दीक्षित ने बताया कि ओपीडी बंद होने के बाद आए गंभीर मरीजों का उपचार इमरजेंसी वार्ड में किया गया।

## मानसिक एकाग्रता का किया अभ्यास

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** पीलीभीत बाईपास स्थित एक होटल में थर्ड आई एक्टिवेशन नामक तीन दिवसीय आध्यात्मिक शिविर का समापन मंगलवार को हुआ। शिविर में बरेली सहित विभिन्न शहरों और विदेश से आए प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

अंतिम दिन मंगलवार को गुरु मां डॉ. सुरभि ने कहा कि ब्रह्मांड में असीम ऊर्जा है, आवश्यकता केवल उसे सही प्रकार से समझने और उपयोग करने की है। उन्होंने विष्णु ग्रंथि एवं रुद्र ग्रंथि को जागृत करने की विधियों पर प्रकाश डाला। कहा कि नियमित अभ्यास और सही मार्गदर्शन से कोई भी व्यक्ति आंतरिक ऊर्जा को जागृत कर सकता है। सभी प्रतिभागियों को शक्तिपात प्रदान किया गया और शरीर के मैग्नेटिक फील्ड को बढ़ाने के व्यावहारिक तरीके सिखाए गए। एकाग्रता बढ़ाने के लिए त्राटक की



शिविर के समापन में प्रमाण पत्र के साथ प्रतिभागी। ● अमृत विचार

- थर्ड आई एक्टिवेशन के शिविर का समापन, देश-विदेश से पहुंचे प्रतिभागी

विभिन्न विधियों का अभ्यास कराया गया। शरीर की ऊर्जा केंद्रों को महसूस करने तथा उनके कार्य को समझने के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

इस शिविर में डॉ. गीता चौहान, उषा खंडेलवाल, बालेश्वर शर्मा, रीता सिंघल, निधि अग्रवाल, प्रीति मिश्रा, जया कुमारी वर्मा, पूनम माथुर, मनमोहन गुप्ता, प्रमोद कुमार शर्मा, डॉ. देवांश यादव, पूजा मित्तल, अनीता सिंह, राजीव वर्मा, डॉ. भुवनेश कुमार, प्रीति शर्मा, अंजना अग्रवाल, किरण सिंह, राकेश वर्मा, कीर्ति स्वरूप, नीति यादव, अवनी आर्य ने प्रतिभाग किया। कांग्रेस प्रवक्ता राज शर्मा ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम लोगों को मानसिक शांति, सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास बढ़ाने की दिशा में प्रेरित करते हैं।

## उर्स ए ताजुश्शरिया को लेकर तैयारियों में तेजी

**बरेली,अमृत विचार :** दो रोजा उर्स ए ताजुश्शरिया को लेकर शहर के होटलों में बुकिंग शुरू हो चुकी है। कई राज्यों के अलावा विदेश के जायरीन आएंगे। दरगाह ताजुश्शरिया और मथुरापुर मदरसे में भी दरगाह की कोर कमेटी की तरफ से तैयारी शुरू हो चुकी है।

जमात रजा ए मुस्तफा के महासचिव फरमान हसन खान फरमान मियां ने बताया कि उर्स की तारीख का एलान होता है तो जायरीन ट्रेन और प्लाइट के टिकट बुक करा लेते हैं। इस बार उर्स 24 व 25 अप्रैल को मनाया जायेगा। जायरीन ने अभी से होटलों में बुकिंग कराना शुरु कर दी है। चौपुला के पास होटल संचालक आफताब ने बताया कि जायरीनों ने कमरे बुक कराए हैं। सिविल लांइस के एक होटल संचालक ने भी बताया कि कई कमरे बुक कराए गए हैं।

## डॉ. निशा, उन्नति और पारुल को मिला 'सीमा स्मृति सम्मान'




साहित्यकारों को सम्मानित करते डॉ. अरुण कुमार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** मानव सेवा क्लब द्वारा रोटरी भवन में 27वां सीमा स्मृति सम्मान एवं विमोचन समारोह आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, डॉ. मेघा अग्रवाल और अध्यक्ष सुरेंद्र बीनू सिन्हा ने साहित्यकार डॉ. निशा शर्मा, उन्नति राधा शर्मा और बीके पारुल को ''सीमा स्मृति साहित्य सम्मान'' से अलंकृत किया। इस अवसर पर ''विविध संवाद'' पत्रिका के नारी विशेषांक का विमोचन भी किया गया। समारोह में शहर के 40 रचनाकारों को सम्मानित किया गया और नारी उत्थान पर सार्थक चर्चा हुई। क्लब ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए दो जरूरतमंद कन्याओं के विवाह हेतु आवश्यक सामग्री प्रदान की। अध्यक्षता सुरेश बाबू मिश्रा ने की। इं. के.बी. अग्रवाल, प्रदीप माधवार और साहित्य जगत की अनेक हस्तियां मौजूद रहीं।

## बिना बताए पिता के खाते से निकाले 98 हजार, रिपोर्ट दर्ज

**बरेल, अमृत विचार:** प्रेमनगर के पटेल नगर निवासी महेश सिंह ने बताया कि उनका बेटा अमन नाटकों में काम करता है। अमन ने पिता को बिना बताए उनके खाते से 98 हजार रुपये निकाल लिए। पिता का आरोप है कि इससे पहले भी उनका बेटा उनके अकाउंट से रुपये निकाल चुका है। पिता की शिकायत पर पुलिस ने बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**आवश्यकता है**

- नर्स ANM/GNM
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- रसोइया/कैंटीन कुक/कैंटीन हेल्पर
- वार्ड बॉय/वार्ड आया

रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली

मो. +91-8077808309, 9837357497

## सिटी डायरी

### सोशल मीडिया का परिवार एवं विवाह पर प्रभाव पर शोध



**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में समाजशास्त्र विषय की शोध छात्रा नलिनी राजपूत की पीएचडी मौखिकी परीक्षा संपन्न हुई। उनके शोध का विषय सोशल मीडिया का परिवार एवं विवाह पर प्रभाव बरेली नगर क्षेत्र के संदर्भ में समाजशास्त्रीय अध्ययन रहा। शोध में सामने आया कि सोशल मीडिया ने परिवार और विवाह संस्थाओं पर सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों प्रकार के प्रभाव डाले हैं। मौखिकी परीक्षा शोध पर्यवेक्षक बरेली कॉलेज की समाजशास्त्र की प्रो. डॉ. नवनीत कौर आहूजा, बाह्य परीक्षक डॉ. अमित मलिक के निर्देशन में संपन्न हुई। संघटक राज्य महाविद्यालय नवाबगंज के प्राचार्य डॉ. रुद्रमन सिंह, डॉ. प्रीति गुप्ता, डॉ. ज्योति रस्तोगी, डॉ. हरेंद्र सिंह, डॉ. संजय रस्तोगी उपस्थित रहे।

### विक्रम वर्मा अध्यक्ष और अनुराग भूषण सचिव मनोनीत



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली फार्मा एंड सेल्स एग्जीक्यूटिव एसोसिएशन का वार्षिक अधिवेशन रविवार को रोटरी भवन में हुआ। अधिवेशन में नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। पैनल एक और दो के मध्य वोटिंग प्रक्रिया हुई। पैनल दो के विक्रम वर्मा को अध्यक्ष चुना गया। रमन खन्ना और मुकेश सक्सेना उपाध्यक्ष चुने गए। अनुराग भूषण को सचिव, गौरव मिश्रा कोषाध्यक्ष, अरुण नेगी और विनोद श्रीवास्तव को संयुक्त सचिव चुना गया।शशांक श्रीवास्तव, ओमवीर सिंह, गौरव पाराशरी, पारस कुमार, चंदन शर्मा, अमित शुक्ला, प्रदीप मौर्य और अशोक साहू को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया।

### आनंद आश्रम में संगीतमय सुंदर कांड पाठ का आयोजन



**बरेली, अमृत विचार :** रामपुर बाग स्थित आनंद आश्रम में मंगलवार को संगीतमय सुंदर कांड पाठ और भजन संध्या का आयोजन किया गया। परमार्थ निकेतन ऋषिकेश से पधारे पंडित जय शंकर त्रिपाठी ने श्री राम चरित मानस कथा में भगवान श्री राम के चौदह स्थानों के बारे में भक्तों को कथा का श्रवण कराया। शाम को सुंदरकांड सेवा समिति की ओर से पंडित आशुतोष शर्मा महाराज ने भक्तों के साथ सुंदरकांड का संगीतमय पाठ किया। सुंदरकांड के बाद हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ हुआ। महाआरती के बाद सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। मंत्री अनिल अग्रवाल ने बताया कि गुरुवार को श्री राम चरित मानस कथा का समापन होगा। आनंद आश्रम समिति के अध्यक्ष प्रेम शंकर अग्रवाल, उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, मंत्री अनिल अग्रवाल, आशीष मालू, मनोज अग्रवाल, राम दयाल मोहता, राम सेवक भारद्वाज, शशि कांत मोदी, विवेक अग्रवाल, पंडित सचिन शर्मा, मीडिया प्रभारी अनुज अग्रवाल उपस्थित रहे।

### आशीष रॉयल पार्क में समरसता कार्यक्रम का आयोजन



**बरेली, अमृत विचार :** आशीष रॉयल पार्क कॉलोनी में एआरपी योग परिवार की ओर से बैसाखी और डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में 'समरसता कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कॉलोनी के मुख्य द्वार पर समिति के सदस्यों ने राहगीरों को शरबत और समोसे वितरित किए गए। समिति अध्यक्ष केएन सहगल ने बाबा साहेब के आदर्शों को याद करते हुए समाज में समानता, न्याय और शिक्षा के महत्व पर बल दिया। कहा कि बाबा साहब समाज में समरसता के पैरोकार थे। वीरपाल, सुरेश चंद्र आर्य, कृष्ण कुमार अग्रवाल, सुनील कुमार, शरद गुप्ता, प्रबल सिंह, शशि दीप सक्सेना, निरंजन अग्रवाल और रामवृक्ष यादव सहित अन्य गणमान्य जनों ने सामाजिक एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया।